सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 114 | इंदौर, मंगलवार 31 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Punjab News: शराब घोटाले में ईडी का एक्शन, मोहाली में आप विधायक कुलवंत सिंह के आवास व दफ्तर पर छापा
2. Andhra: 52 दिनों से जेल में बंद चंद्रबाबू नायडू को मिली जमानत, कौशल विकास घोटाला केस में हाईकोर्ट ने दी राहत
3. USA: अमेरिका बनाने जा रहा है बेहद खतरनाक परमाणु बम, हिरोशिमा पर गिराए बम से 24 गुना ज्यादा ताकतवर होगा
4. SC: 'राज्यपाल कर रहे पद का दुरूपयोग', विधेयकों को मंजूरी न मिलने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार
5. PM Modi in Gujarat: पीएम मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर सरदार पटेल को जयंती पर दी श्रद्धांजलि
6. Maratha Quota: मराठा आरक्षण आंदोलन में हिंसा के बाद अलर्ट पर महाराष्ट्र सरकार, धाराशिव जिले में लगा कर्फ्यू

# मालवा और विंध्य के दौरे पर आएंगी प्रियंका गांधी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब राजनीतिक दलों ने प्रचार तेज कर दिया है। इसी कड़ी में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी मालवा और विंध्य के दौरे पर आएंगी। वे आठ नवंबर को इंदौर जिले के सांवेर और देवास जिले के खातेगांव में जनसभा को संबोधित करेंगी। वहीं, अगले दिन नौ नवंबर को विंध्य में बड़ी रैली को संबोधित करेंगी। प्रियंका गांधी का यह छटवां दौरा है। इससे पहले प्रियंका गांधी जबलपुर, ग्वालियर, धार, मंडला और दमोह में जनसभा कर चुकी हैं।

प्रियंका गांधी मालवा और विंध्य में आठ और नौ नवंबर को चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगी। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे नौ नवंबर को महाकौशल में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

चार नवंबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे महाकौशल के दौरे पर रहेंगे। वे बालाघाट जिले की कटंगी और डिंडौरी जिले के शहपुरा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 21 अक्तूबर से शुरू हुई नाम निर्देशन प्रक्रिया 30 अक्तूबर को समाप्त हो गई है। 30 अक्तूबर को प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में 2489 अभ्यर्थियों द्वारा 2811 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। 21 अक्तूबर से 30 अक्तूबर तक कुल 3832 अभ्यर्थियों द्वारा 4359 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। 31 अक्तूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 2 नवंबर नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है। पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। 3 दिसंबर को मतगणना होगी।

# मुंबई के भक्त ने बाबा महाकाल को अर्पित किया 2,21,000 का दान

## मंदिर समिति ने किया सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में मुंबई से आए एक दानदाता ने बाबा महाकाल के दर्शन करने के उपरांत लाखों रुपए बाबा महाकाल के श्री चरणों में अर्पित किए। इस दौरान श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति द्वारा उनका स्वागत सम्मान भी किया गया।

श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुंबई से सुरेश भाई पटेल बाबा महाकाल के दर्शनों के लिए आए थे जिन्हें मंदिर के दर्शन



व्यवस्था इतनी अच्छी लगी कि उन्होंने यहां 21,000 रुपये नगदी और 2 लाख का चेक बाबा महाकाल को अर्पित किया है।

जूनवाल ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के दरबार में ऐसे ही श्रद्धालु यहां चलाए जाने वाले अनेक प्रकल्पों मे यथाशक्ति दान करते हैं। कोई बाबा महाकाल को स्वर्ण, रजत के आभूषण अर्पित करता है तो कोई नगदी के साथ ही श्री महाकालेश्वर मंदिर की गौशाला और अन्य क्षेत्र में भी दान पूर्ण कर धर्मलाभ अर्जित करता है। इस दौरान महाकालेश्वर मंदिर के भीम भी मौजूद रहे।

# इंदौर जिले के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिये नियुक्त प्रेक्षकगण इंदौर आये

◆ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**इंदौर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन के संबंध में इंदौर जिले में विधानसभा क्षेत्रवार सामान्य प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। नियुक्त सभी प्रेक्षकगण इंदौर आ गये हैं। प्रेक्षकगणों ने आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र देपालपुर एवं इंदौर-1 के लिये श्री आलोक कुमार पाण्डे, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-2 एवं इंदौर-3 के लिये श्री अरविंद पाल सिंह संधू, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-4 एवं इंदौर-5 के लिये श्री विजय पाल सिंह, विधानसभा क्षेत्र



डॉ. अंबेडकर नगर महू के लिये श्री राकेश कुमार मिश्रा, विधानसभा क्षेत्र सांवेर के लिये श्री अश्विनी कुमार मिश्रा तथा विधानसभा क्षेत्र राऊ के लिए श्री अमित खत्री को सामान्य प्रेक्षक बनाया गया है। उक्त सभी प्रेक्षकगण इंदौर पहुंच चुके हैं। उक्त सभी प्रेक्षकगणों ने आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिकायत निवारण प्रकोष्ठ और निर्वाचन संबंधी विभिन्न आयोजनों की अनुमतियां देने के लिये बनायी गई एकल खिड़की व्यवस्था को देखा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी रूप से निर्वाचन संपन्न कराने के लिये की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। प्रेक्षकगणों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की व्यवस्था को भी देखा।

## विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही जारी

### पिछले सात दिनों में तीन दोपहिया वाहन सहित 4818 लीटर अवैध मदिरा तथा 16387 लीटर महुआ लहान जप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आबकारी विभाग द्वारा विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर अवैध शराब तस्करो, नियम विरुद्ध शराब विक्रय और संग्रह करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाहियां लगातार की जा रही है। यह कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशन में हो रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री मनीष खरे ने बताया कि विगत सात दिनों में अवैध शराब तस्करो, नियम विरुद्ध शराब विक्रय और संग्रह करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाहियां की गई है। उन्होंने बताया कि गत सप्ताह 22 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक जिले के समस्त वृत्तों में की गई कार्यवाही में कुल 408 स्थानों पर दबिश दी गई। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में 395 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। इन प्रकरणों में तीन दोपहिया वाहन सहित 4818 लीटर अवैध मदिरा (देशी,विदेशी एवं हाथ भट्टी मदिरा) तथा 16 हजार 387 लीटर महुआ लहान जप्त किया गया। जप्त समस्त सामग्री की कुल कीमत 29 लाख 80 हजार 615 रुपए है। विभाग द्वारा जिले की मदिरा दुकानों पर भी लगातार निगरानी की जा रही है।

## सी-विजिल एप के माध्यम से मिली 240 शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के संबंध में सी-विजिल एप के माध्यम से मिली सभी 240 शिकायतों का निराकरण हो गया है। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 9 अक्टूबर से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हुई है। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की जानकारी त्वरित मिल सके, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप तैयार किया गया है। यह एप आदर्श आचरण संहिता के लागू होते ही सक्रिय हो गया है। एप के माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की किसी भी तरह की शिकायत फोटो, वीडियो के माध्यम से कर सकते हैं। शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित निराकरण किया जा रहा है। यह एप गूगल प्ले स्टोर पर जाकर कोई भी नागरिक अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर डाउनलोड कर सकते हैं। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन संबंधी प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये बेहतर इंतजाम किये गये हैं। शिकायतों को प्राप्त करने तथा उनके निराकरण संबंधी कार्यवाही के लिये कलेक्टर कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन में कार्य कर रहा है।

# वोट उसी को देंगे जो कॉलोनी के विकास कार्यों के प्रति सजग होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। न्यू रानी बाग के रहवासियों द्वारा रविवार को दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रहवासी और कॉलोनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर कॉलोनी के विकास पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर रहवासियों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि हम वोट उसी को देंगे जो कॉलोनी के विकास कार्यों के प्रति सजग होगा। अब झूठे आश्वासन बिलकुल नहीं चलेंगे।**

### अपने अधिकारों की रक्षा खुद करेंगे

इस मौके पर एडवोकेट ए के सिंह ने कहा कि कॉलोनी की मूलभूत सुविधाओं से हम वंचित है। कॉलोनी में अभी तक न नर्मदा लाइन बिछी है और ना पानी के लिए मीटर लगे हैं। शिक्षाविद और समाजसेवी साईदा बेग ने कहा कि हम टैक्स भरते है, फिर भी हमें नगर निगम की बेसिक सुविधाएं नहीं मिल रही है। इस मौके पर शिक्षाविद रतनजीत सिंह शैरी ने कहा कि संगठित होकर हम अपने अधिकारों की रक्षा खुद कर सकते हैं।

### सही उम्मीदवार को चुनना हमारा अपना वोट है

समाजसेवी रवि डांगी ने कहा कि इस चुनाव में हमें ऐसे उम्मीदवार को चुनना है, जो हमारा अपना हो। कॉलोनी में आकर लोगों के बीच आकर उनकी समस्याएं सुनकर कुछ समाधान करता हो। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शम्मी धवन ने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इसके अलावा वाय. एस.चौहान, दीप कुकरेजा, जीत सलूजा, डी.एस. अजमानी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर विधायक जीतू पटवारी ने दूरभाष पर रहवासियों से न्यू रानी बाग तक की समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य आयोजक और सूत्रधार अवतार सिंह सैनी थे। आभार दीपक खंडेलवाल ने माना।

## कटाक्ष




## ब्राह्मण सेवा संगठन की शहर इकाई का गठन

### पदाधिकारियों को नियुक्ति कर समाज की जिम्मेदारियां सौंपी गईं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ब्राह्मण सेवा संगठन की बैठक रविवार को बद्री भोला की धर्मशाला पारसी मोहल्ला, छावनी पर आयोजित की गई। जिसमें ब्राह्मण सेवा संगठन की इंदौर शहर इकाई का गठन कर पदाधिकारियों की नियुक्ति किया गया। इन पदाधिकारियों को नियुक्त कर समाज की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिसमें नेहरूनगर निरामय सेवा संजीवन केंद्रीय समिति के अध्यक्ष पं. राजेंद्र शर्मा, निरामय सेवा संजीवन इंदौर शहर के अध्यक्ष रश्मि शैलेंद्र सुगंधी, ब्राह्मण सेवा संगठन के संयोजक पं.सरोज कौशिक,अध्यक्ष पं.अटल शर्मा, कमेर्शु मातृशक्ति बंधन की अध्यक्ष उषा यतेंद्र शर्मा, कमेर्शु मातृशक्ति बंधन दक्षिण क्षेत्र इकाई की संयोजक श्वेता दीपक शर्मा, युवाशक्ति संवर्द्धन केंद्रीय समिति संयोजक पं.अजय तिवारी चुने गए।

## अस्थाई खेरची फटाका लायसेंस जारी करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दीपावली त्यौहार के अवसर पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए गत वषार्नुसार निर्धारित स्थानों पर अस्थाई खेरची फटाका लायसेंस जारी किये जाएंगे। उक्त लायसेंस 9 नवम्बर से 13 नवम्बर 2023 तक के लिये दिये जायेंगे। अस्थाई खेरची फटाका लायसेंस उन्हीं व्यक्तियों को जारी किये जाएंगे, जिन्हें गत वर्ष लायसेंस प्राप्त था।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा अस्थाई खेरची फटाका लायसेंस जारी किये जाने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आवेदन पत्र 30 अक्टूबर 2023 से 6 नवम्बर 2023 तक अवकाश दिनों को छोड़कर कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र पर दस रुपये का स्टाम्प टिकिट लगाकर 600 रुपए का चालान कोषालय में जमा कर चालान की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। साथ ही गत वर्ष का मूल लायसेंस भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। कुल आवेदन प्राप्त होने के पश्चात 7 नवम्बर 2023 से 8 नवम्बर 2023 तक दुकान नम्बरों का आवंटन मौके पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम/कार्यपालिक दण्डाधिकारी द्वारा ड्रा/लाटरी निकाल कर किया जायेगा तथा अनुज्ञप्तियों का प्रदाय भी उन्हीं के द्वारा किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ आवेदक के पासपोर्ट साइज के दो फोटो अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों के लिये आवेदन पत्र संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी डॉ. अम्बेडकर नगर (महू), सॉवेर, देपालपुर, खुड़ैल एवं हातोद के यहां प्रस्तुत किये जा सकेंगे तथा उनका निराकरण संबंधित एसडीएम द्वारा किया जायेगा। सुरक्षात्मक निदेर्शों को मानने की दशा में ही लायसेंसधारी कार्य कर सकेंगे, जो नियत किये जायेंगे। गत वर्षों के अपात्र व्यक्ति को अनुज्ञप्ति नहीं दी जायेगी। उक्त रूप से प्राप्त लायसेंस पर व्यापार संबंधित लायसेंसी ही करेगा।

# चिमनबाग चौराहे पर करवाचौथ महोत्सव मनाया

◆ मेहंदी लगाकर धार्मिक भजनों पर महिलाओं ने किया नृत्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधानसभा- 3 चिमनबाग चौराहे पर महिलाओं द्वारा रविवार को करवाचौथ महोत्सव मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस मौके पर महिलाओं ने मेहंदी लगाई। धार्मिक भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति भी दी। साथ ही क्विज कांटेक्ट के तहत सवाल जवाब प्रतियोगिता की गई। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर क्षेत्र की महिलाओं के बीच और विधानसभा -3 के प्रत्याशी दीपक जोशी (पिंटू) की पत्नी रेशु जोशी पहुंची। उन्होंने महिलाओं के साथ करवाचौथ सेलिब्रेट किया।

### महिलाएं अपनी शक्ति को पहचानें

इस अवसर पर रेशु जोशी ने करवा चौथ का अपना महत्व बताते हुए कहा कि किस तरह एक पुरुष की सफलता के पीछे उसकी पत्नी का योगदान होता है। बिना पत्नी के पति का जीवन में कोई मोल नहीं होता। एक नारी ही है जो घर और दुनिया को सही तरीके से चला सकती है। महिलाएं अपनी शक्ति को पहचाने और अपने क्षेत्र के विकास के लिए नई गाथा लिखे। हमारे इंदौर की पहचान है विधानसभा -3 को एक मजबूत हाथों में सौंपे और दीपक जोशी को इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व देकर अपने भविष्य को सुरक्षित करे।

### महिलाओं को किया पुरस्कृत

इस अवसर पर महिलाओं ने मेहंदी लगाई। क्विज कांटेस्ट के तहत सवाल-जवाब पूछे गए। महिलाओं से पूछा गया कि आपके पर्स में आपके पति का फोटो है कि नहीं। जो आप लोगों ने मेहंदी बनाई है, उसमें किसने अपने पति का नाम लिखा है, आदि ऐसे कई सवाल किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली महिलाओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने धार्मिक भजनों पर नृत्य किए। महिलाओं ने नाच-गाकर करवाचौथ पर्व धूमधाम से मनाया। सभी ने रेशु जोशी को वादा किया कि इस बार हम अपने स्थानीय प्रत्याशी दीपक जोशी पिंटू भैया को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर विजयी बनाएंगे।

कार्यक्रम में आयोजक कविता कुशवाह, किरण वैध, नसरीन अली, पुरवा पठारे, परिधि जैन, आशा जरिया, शरद यादव, महेश भोरहरी, साक्षी शुक्ला डागा, नूतन पठारे, नेहा मोड़े सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

# चौकीदार ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चंदन नगर इलाके में सोमवार को एक चौकीदार ने फांसी लगाकर जान दे दी। जान देने के पहले उसने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। जिसमें उसने ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।**

पुलिस के मुताबिक जवाहर टेकरी पर गिट्टी खदान की फैक्ट्री में काम करने वाले चौकीदार संदीप पुत्र विलसन नायडू ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। संदीप को आसपास के अन्य मजदूरों ने फंदे पर लटके देखा तो पुलिस को सूचना दी। संदीप के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने ठेकेदार से विवाद के बाद उसे प्रताड़ित करने की बात कही है।

उसने लिखा है। कि ठेकेदार आए दिन उसके साथ गलत व्यवहार कर परेशान कर रहा था। उसके काम के बदले के रुपये भी नहीं दे रहा था। सुसाइड नोट टीआई इंद्रमणि पटेल ने अपने पास रखा है। अफसर जांच की बात कर रहे हैं। चौकीदार मूल रूप से उज्जैन का रहने वाला है।

## सयाजी होटल में प्रदर्शनी से मोबाइल चुरा ले गई महिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सयाजी होटल में लगी एक प्रदर्शनी से महिला फोन चुरा ले गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपित महिला को ढूंढ रही है। पुलिस के मुताबिक, वृंदावन पैलेस कालोनी (निपानिया) निवासी जतीन माहेश्वरी की शिकायत पर केस दर्ज किया है। जतीन के मुताबिक, पर्स में पत्नी सुरभि के तीन मोबाइल फोन रखे हुए थे। प्रदर्शनी देखने आई अज्ञात महिला पर्स से तीनों मोबाइल और रुपये चुरा ले गई।

# तुलसी सिलावट की नामांकन रैली में जन सैलाब उमड पड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय जनता पार्टी के सांवेर से विधानसभा उम्मीदवार पूर्व मंत्री श्री तुलसी सिलावट की नामांकन रैली में जैसे जन सैलाब उमड पड़ा हो। अपने तुलसी भैया के लिए इतिहास गढ़ेंगे और एक बार फिर तुलसी भैया को जिताएंगे, इन नारों के साथ तुलसी सिलावट के लिए लोग सांवेर में जुटे।**

भाजपा कार्यालय सांवेर से तहसील कार्यालय तक आयोजित इस नामांकन रैली में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य, कृष्ण मुरारी मोघे, पूर्व सांसद एवं महापौर सावन सोनकर, अध्यक्ष अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम गोपाल सिंह चौधरी, विधानसभा प्रभारी देवराज सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष नागरिक आपूर्ति विभाग पूर्व अध्यक्ष के अलावा सोमेश्वर पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी, पूर्व अध्यक्ष बीजेपी उज्जैन भगवान परमार सदस्य जिला पंचायत इंदौर भारतसिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी अन्तरसिह दयाल, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी, श्रवण चावड़ा, पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा ने भाग लिया।

नामांकन रैली में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांवेर के हर क्षेत्र से नामांकन रैली में लोगों ने भाग लिया। रैली में दिलीप चौधरी, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी सतीश मालवीय अध्यक्ष प्रीतिनिधि सुरेशसिंह जी धनखेडी पूर्व मण्डल अध्यक्ष भी उपस्थित थे। रैली में तुलसी सिलावट द्वारा क्षेत्र में किए गए विभिन्न विकास कार्यों को लेकर भी लोगों ने विश्वास जताया। भाजपा प्रत्याशी तुलसी सिलावट के लिए उमड़े इतने जन समर्थन को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चाओं का दौर भी चलता रहा।

# कैलाश विजयवर्गीय ने मुहूर्त में 9 मिनट पहले भरा नामांकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर-1 से बीजेपी उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय अपना नामांकन दाखिल किया। विजयवर्गीय ने शुभ मुहूर्त में दोपहर 2.51 बजे फॉर्म जमा किया। विजयवर्गीय ने अपने से पहले इंदौर-2 के प्रत्याशी रमेश मेंदोला का फॉर्म जमा कराया।**



इससे पहले पहले सुबह 9.30 बजे उन्होंने खजराना गणेश मंदिर के दर्शन किए और गाय को गुड़-चने खिलाए। दर्शन के बाद वे बड़ा गणपति पहुंचे। यह से राजवाड़ा होते हुए कलेक्ट्रेट तक रैली के रूप में पहुंचे। उनके साथ इंदौर-2 से प्रत्याशी रमेश मेंदोला ने भी नामांकन जमा किया। रैली से राजवाड़ा से कलेक्ट्रेट तक जा रहे विजयवर्गीय मेंदोला समय पर पहुंचने के लिए रैली वाहन से उतरकर दूसरे वाहन से कलेक्ट्रेट पहुंचे। ताकि दोपहर 3 बजे के पहले ही नामांकन जमा किया जा सके। वे समय खत्म होने के 30 मिनट पहले कलेक्ट्रट पहुंच चुके थे। नामांकन जमा करने से पहले इंदौर-2 के भाजपा प्रत्याशी मेंदोला ने कहा कि यह चुनाव हम विकास के नाम पर लड़ेंगे। हमने यहां खूब विकास किया है। हम जनता से अनुरोध करेंगे कि सनातन के विरोधियों को सबक सिखाए। कांग्रेस अभी दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रही है। कैलाश विजयवर्गीय इंदौर-1 से ऐतिहासिक मतों से जीतेंगे। लोगों ने भाजपा की सरकार और विकास को देखा है।

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक से भाजपा के उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय का दावा है कि भाजपा इंदौर जिले की सभी 9 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, 'हम इंदौर की सभी 9 सीटें जीतेंगे और मध्य प्रदेश में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएंगे, हम 160 से ज्यादा सीटें जीतेंगे।

# बच्चों के विवाद में बुजुर्ग को चाकू मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कोतवाली इलाके की पुलिस चौकी के पास रविवार रात तीन बदमाशों ने एक बुजुर्ग पर चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि बच्चों के विवाद में वह मौके पर समझाने पहुंचे। तब आरोपी हमला कर भाग गए। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक अनिल पुत्र प्रेमचंद वर्मा निवासी नॉर्थ तोड़ा पर कोतवाली पुलिस चौकी के यहां सचिन, अर्जुन व एक अन्य ने चाकू से हमला कर दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि रात में बच्चों के बीच में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। बच्चे अनिल को घर से बुलाकर ले गए। जब वह मौके पर पहुंचे तो यहां बातचीत के दौरान आरोपियों ने उनके सिर पर चाकू मार दिया। गंभीर हालत में अनिल को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक एमवाय से सूचना मिली है। बयान के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी जीतू पटवारी की नामांकन रैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** इंदौर में सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशियों ने अपना नामांकन प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में दाखिल किया। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी विधानसभा से नामांकन रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इसी कड़ी में विधानसभा राऊ से कांग्रेस प्रत्याशी जीतू पटवारी ने अपनी नामांकन रैली बिजलपुर ग्राउंड से शुरू की। रैली में सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद रहे। जीतू पटवारी की नामांकन रैली में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दौलत पटेल सहित कई लोग शामिल हुए। इस रैली में दौलत पटेल ने भी अपने ताकत दिखाई। उन्होंने सैकड़ों युवा कांग्रेसियों को लेकर रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पटेल का कहना है की युवा कांग्रेस पूरी तरह चुनावों में भिड़ चुकी है पूरी ताकत के साथ हर युवा कांग्रेस के साथी कांग्रेस प्रत्याशियों को विजय बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है, इसी को लेकर आज जीतू पटवारी की नामांकन रैली में युवा कांग्रेस के साथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# एसएसटी टीम और पुलिस ने खाद के 100 कट्टे किए जब्त, जांच में नकली निकली खाद

## ◆चार खिलाफ मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर। मंदसौर जिले के कचनारा अंतर्जिला चेकिंग प्वाइंट पर एसएसटी टीम और दलौदा थाना पुलिस टीम ने एक ट्रक से बिना बिल और बिल्टी के 100 बैग डीएपी इफको खाद के बैग जब्त किए थे। खाद के सैंपल लेकर उज्जैन लैब में भेजे गए थे। जांच में ट्रक में भरे खाद के कट्टे नकली पाए गए। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक सहित खाद भरवाने वाले और ट्रक की पायलेटिंग करने वाले कुल चार लोगों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।**

दलौदा थाना प्रभारी और एसएसटी टीम प्रभारी चेतन पाटीदार ने बताया कि 10 अक्टूबर को महु नीमच हाईवे रोड



कचनारा अंतर्जिला चेकिंग प्वाइंट पर मुखबिर सुचना पर कार्रवाई करते हुए SST टीम मजिस्ट्रेट चेतन पाटीदार और सउनि अजय चौहान ने एक ट्रक को रोका। ट्रक की तलाशी लेते समय में डीएपी 18.46.0 इफ्को कंपनी के 100 बैग भरे पाए गए। इसके संबंध में ट्रक चालक से पूछताछ करने पट खाद का बिल/बिल्टी नहीं पाया गया। शंका होने पर उर्वरक की जांच के लिए सैंपल लेकर उज्जैन रसायन प्रयोगशाला भेजे गए। डीएपी खाद लाने के संबंध में ट्रक चालक सुभाष पिता रमेश चन्द्र उम्र 38 वर्ष निवासी कचनारीया से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उक्त डीएपी खाद हाकमसिंह पिता नारायण सिंह निवासी घटिया घोसला के कहने पर आगर मालवा उज्जैन रोड पुराने टोल टैक्स के पास विद्युत मंडल की ग्रिड के पास से भरकर दलौदा आए थे। दलौदा और आसपास के इलाके में चौराहों पर जाकर किसानों को बेचते थे।

ट्रक चालक ने बताया कि हाकम सिंह पिता नारायण सिंह निवासी घटिया तथा नितेश पिता बने सिंह चौधरी निवासी जगोटी दोनों कार क्रमांक एम पी 43 सी 0768 से ट्रक के आगे पायलेटींग कर रहे हैं। बाद में जब उर्वरक की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई तो उर्वरक अमानक पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए दलौदा थाने पर सुभाष पिता रमेशचन्द्र उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम कचनारीया थाना तराना तह माकडोन जिला उज्जैन, हाकम सिंह पिता नारायण सिंह निवासी घोसला तहसील महिदपुर थाना राघवी, नितेश पिता बनेसिंह चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी जगोटी थाना राघवी जिला उज्जैन और जशवंत सिंह निवासी आगर मालवा के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। जब्त खाद की कीमत एक लाख 35 हजार रुपये बताई जा रही है।

## किसी का रिश्ता न टूटे, परिवार न छूटे, यह सीख देने गायत्री परिवार ने उज्जैन में किया नवदंपति सम्मेलन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** वर्तमान समय मे नवदंपतियों के बीच किसी न किसी भी बात को लेकर टकराव की स्थिति बनती है। यह देखते ही देखते एक बड़े विवाद का कारण बन जाती है। कुछ मामलों में तो बड़ों की सीख पर ऐसे विवादों को समाप्त कर दिया जाता है लेकिन कुछ मामलों मे परिवारों का विघटन और रिश्ते तलाक तक पहुंच जाते हैं। नवदंपतियों के बीच ऐसी स्थिति पैदा न हो, इसके लिए गायत्री शक्तिपीठ की ओर से इसी वर्ष से अभिनव संस्कार सत् प्रवृत्ति संवर्धन सामूहिक रूप से करवाया जा रहा है। इससे कोशिश की जा रही है कि नवदंपतियों को शादी के समय लिए गए सभी वचन याद रहे। वे इनका पालन भी करें। धार्मिक नगरी उज्जैन में यह नवदंपति सम्मेलन गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित किया गया। गायत्री परिवार के देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महाकाल की नगरी से नवदंपति सम्मेलन में अभिनव सत् प्रवृत्ति संवर्धन संस्कार की शुरुआत की गई है। गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से पिछले सप्ताह ही इस संस्कार की कार्ययोजना बनाई गई है। देश में पहली बार उज्जैन शक्तिपीठ पर इसे सामूहिक रूप से आयोजित किया गया। दंपतियों को संक्षिप्त कर्मकांड के माध्यम से उनके विवाह संस्कार का स्मरण कराते हुए दाम्पत्य जीवन के व्यवहारिक सूत्रों का स्मरण कराते हुए उनके द्वारा दिए गए वचनों को स्मरण कराया गया।

## नेशनल हाईवे पर चार्टर्ड बस में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा।** नेशनल हाईवे 146 सागर रोड पर सोमवार की दोपहर में ग्राम चकपाटनी के पास एक चार्टर्ड बस में अचानक आग लग गई, जिससे बस में सवार यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही की किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ। सीएसपी राजेश तिवारी ने बताया कि दोपहर में सवारी लेकर भोपाल से सागर एक चार्टर्ड बस जा रही थी, चकपाटनी के पास अचानक पीछे की तरफ इंजन से धुआं निकलना शुरू हुआ तो ड्राइवर ने साइड में गाड़ी लगाकर सभी यात्रियों को बाहर निकाल लिया और उसमें जो सामान था वह भी बाहर निकाल लिया गया



था। तब तक बस आग पकड़ चुकी थी थोड़ी ही देर में जलकर खाक हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक डायल 100 और फायर ब्रिगेड को सूचना देने के आधा घंटे तक कोई नहीं पहुंचा था। सड़क पर आग के गुबार उठ रहे थे, जिसके चलते आवागमन बंद हो गया था। करीब एक घंटे तक सड़क पर चक्काजाम की स्थिति रही।

**खरगोन पुलिस को ऑपरेशन शिकंजा के तहत मिली बड़ी सफलता**

## अवैध हथियारों सहित दो तस्कर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** खरगोन पुलिस ने अवैद्ध हथियारों के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए गोगांवा पुलिस ने दो हथियार तस्कर सहित कुल 29 पिस्टल और देशी कट्टे भी जब्त किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में से एक लंबे समय से फरार चल रहा आरोपी है, तो वहीं दूसरा उसका साथी एक नाबालिक युवक है। हालांकि ये दोनों हथियार किसे सप्लाई कर रहे थे इसको लेकर अभी पुलिस की पूछताछ जारी है। बता दें कि खरगोन पुलिस द्वारा ऑपरेशन शिकंजा चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक बड़ी



मात्रा में हथियारों सहित इन्हें बनाने का सामान जब्त किया गया है, तो वहीं इन हथियारों के कारखाने और इन्हें बनाने वाले तस्करों के अवैद्ध मकानों को भी जमींदोज किया गया है। पुलिस की इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी है। खरगोन की गोगांवा थाना पुलिस को अवैद्ध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो हथियार तस्करों को पकड़ने में सफलता मिली है। गोगांवा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि देर रात अवैद्ध हथियारों के दो सप्लायर हथियार लेकर उन्हें सप्लाई करने जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र के बिलाली एरिया के पास इन दोनों हथियार सप्लायरों को धर दबोचा। पुलिस ने उनके कब्जे से 29 अवैध पिस्टल सहित देशी कट्टे भी जब्त किए हैं। पकड़े गए दोनों आरोपियों में से एक आरोपी सिकलीगर उपकार सिंह है तो वहीं इसका दूसरा साथी एक नाबालिग युवक है, जिन्हें फिलहाल गिरफ्तार कर लिया गया है, और इनसे पुलिस की पूछताछ जारी है।

# 77 तोला सोना, डबरा और भोपाल में मकान

**लेकिन नरोत्तम मिश्रा के पास नहीं है एक भी कार**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में सोमवार को नामांकन करने की आखिरी दिन है। कई बड़े चेहरे आखिरी दिन नामांकन करेंगे। वहीं, कई पहले ही कर चुके हैं। इन चेहरों में राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा भी शामिल हैं। मिश्रा ने दतिया विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया है। गृह मंत्री के हलफनामे से कई जानकारियां सामने आई हैं। शपथ पत्र के मुताबिक, पिछले पांच साल में उनकी संपत्ति में कमी आई है। करोड़ों के मालिक गृह मंत्री के पास कोई भी वाहन नहीं है। आइये जानते हैं इस हलफनामे में क्या-क्या है...



गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने अपने चुनावी हलफनामे में कुल 6.84 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई है। 2018 के चुनाव में उन्होंने कुल 6.88 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति बताई थी। इस तरह बीते पांच साल में उनकी संपत्ति में मामूली कमी हुई है। दस साल पहले यानी 2013 में मिश्रा के पास कुल 2.96 करोड़ रुपये की संपत्ति थी।

कमाई की बात करें तो 2019-20 में गृह मंत्री की कुल कमाई 13.8 लाख रुपये थी। अगले वित्त वर्ष में उनकी कमाई में कमी आई। 2020-21 में ये घटकर 8.08 लाख रुपये हो गई। 2021-22 में नरोत्तम मिश्रा की कमाई में फिर इजाफा हुआ और ये 11.74 लाख रुपये हो गई। वहीं, 2022-23 में गृह मंत्री की कमाई में दुगुने से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई और ये बढ़कर 27.97 लाख रुपये हो गई। 2023-24 में इसमें फिर कमी हुई और ये 16.25 लाख रुपये ही रह गई।

नरोत्तम मिश्रा की पत्नी गायत्री मिश्रा की कमाई 2019-20 में 8.8 लाख रुपये थी। अगले वित्त वर्ष 2020-21 में उनकी कमाई घटकर 5.8 लाख रुपये हो गई। हलफनामे के अनुसार, 2021-22 में गायत्री को एक भी रुपये की कमाई नहीं हुई। वहीं, 2022-23 में गृह मंत्री की पत्नी कमाई बढ़ी और ये 3.8 लाख रुपये हो गई। 2023-24 में गायत्री को एक बार फिर कोई कमाई नहीं हुई।

### नरोत्तम के पास 21 तो पत्नी के पास 56 तोला सोना

शपथ पत्र में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जानकारी दी कि इस वक्त उनके पास 50 हजार रुपये ही नकद हैं। उनकी पत्नी के पास नकदी के रूप में 25 हजार रुपये हैं। नरोत्तम मिश्रा के बैंक खाता एसबीआई डबरा में 16 लाख रुपये और एसबीआई भोपाल में 71 लाख रुपये जमा हैं। पत्नी के खाते में 77,000 रुपये जमा हैं। परिवार के अन्य सदस्यों के बैंक खाते में करीब 45 हजार रुपये जमा हैं। भाजपा नेता अपने पास 11.4 लाख रुपये मूल्य का 21 तोला सोना रखे हुए हैं। वहीं, पत्नी गायत्री के पास 56 तोला सोना जिसकी कीमत 38 लाख रुपये है। गृह मंत्री अपने पास एक रिवॉल्वर भी रखते हैं जिसकी कीमत उन्होंने 75 हजार रुपये बताई है।

## कांग्रेसियों ने पकड़ी साड़ियां, भाजपाई बोले- ये कांग्रेस की साजिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा जिले में सोमवार को साड़ियों से भरी गाड़ी पकड़ी गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांधाता विधानसभा क्षेत्र के पुनासा से गाड़ी पकड़कर पुलिस को सौंप दी। बताया जा रहा है कि यह गाड़ी पुनासा के भाजपा नगर पंचायत उपाध्यक्ष की है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि साड़ियों का वितरण किया जा रहा था। इसकी सूचना कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिली थी। कांग्रेस प्रत्याशी उत्तम पाल सिंह भी मौके पर पहुंच गए थे। मामला सामने आने के बाद भास्कर ने भाजपा प्रत्याशी नारायण पटेल और नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र मालाकार से बात करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। मांधाता विधानसभा के चुनाव सह प्रभारी नंदन करोड़ी का कहना है कि भाजपा प्रत्याशी और सभी नेता, कार्यकर्ता नामांकन रैली में व्यस्त हैं। साड़ी बांटने का मामला मेरी जानकारी में नहीं है। लेकिन इस तरह प्रलोभन देने का घिनौना कृत्य कोई भाजपाई नहीं कर सकता है। यह कांग्रेस की सोची-समझी साजिश है।

Maharashtra

# रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी को तीसरी बार मिली धमकी, 200 करोड़ के बाद अब मांगे 400 करोड़

**मुंबई, (एजेंसी) दिग्गज कारोबारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को एक बार फिर धमकी भरा ईमेल मिला है। यह धमकी किसी ओर ने नहीं बल्कि उसी अज्ञात शख्स की ओर से दी गई है, जिसने 27 अक्तूबर को दो ईमेल भेजकर 200 करोड़ रुपये की मांग की थी। तीसरे ईमेल में शख्स ने फिरौती की रकम बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये कर दी क्योंकि अंबानी ने उसके पिछले दो ईमेल का जवाब नहीं दिया।**

खतरे की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस ने सोमवार को अंबानी के दक्षिण मुंबई स्थित आवास एंटीलिया की सुरक्षा बढ़ा दी।

गौरतलब है कि 26 अक्तूबर को सबसे पहले धमकी भरा ईमेल मिला था। इसमें धमकी देने वाले ने 20 करोड़ रुपयों की मांग की थी। बाद में कीमत बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दी थी। साथ ही रुपये न देने पर मुकेश अंबानी को गोली मारने की बात कही थी।



अंबानी की आधिकारिक आईडी पर भेजे गए तीसरे ईमेल में लिखा है, 'आपकी सुरक्षा कितनी भी अच्छी क्यों न हो, हम फिर भी आपको मार सकते हैं। इस बार यह कीमत 400 करोड़ रुपये है और पुलिस मुझे ट्रैक और गिरफ्तार नहीं कर सकती।'

बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब मुकेश अंबानी को इस तरह की धमकी मिली हो। इससे पहले, बीते साल मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी मिली थी। तब मुंबई पुलिस ने कॉल करके धमकी देने के आरोप में बिहार के दरभंगा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। आरोपी ने मुंबई के सर एच एन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

New Delhi

## लिफ्ट में कुत्ते को लेकर हुआ विवाद, पूर्व आईएएस अफसर और महिला में मारपीट, वीडियो वायरल

**नोएडा, (एजेंसी)** नोएडा सेक्टर-108 स्थित पार्क्स लॉरेट सोसाइटी में कथित तौर पर लिफ्ट में कुत्ते को ले जाने के विवाद में एक रिटायर्ड आईएसएस अधिकारी ने महिला को थप्पड़ मार दिया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं, एक अन्य वीडिया में महिला का पति भी पूर्व अधिकारी से मारपीट करता दिख रहा है।

जानकारी के अनुसार, 49 सेकेंड के एक वायरल वीडियो में कुत्ते को लिफ्ट में ले जाने की बात पर एक महिला और रिटायर्ड आईएसएस अधिकारी लिफ्ट के अंदर ही आपस में एक दूसरे से बहस करते दिख रहे हैं। वीडियो में एक लड़की भी कुत्ते को ले जाती दिख रही है। कथित तौर पर अधिकारी जब उसका वीडियो बनाने के लिए अपना मोबाइल फोन निकालता हैं तो महिला उस अधिकारी का मोबाइल फोन छीनकर लिफ्ट से बाहर फेंक देती है। इसके बाद वह अधिकारी भी महिला को थप्पड़ मार देता है। इतना ही नहीं, लिफ्ट के बाहर निकलने पर भी महिला और अधिकारी के बीच हाथापाई होती दिख रही है।

Uttarpradesh

## दो बच्चों की मां को हुआ इश्क, पति ने जिद पर अड़ी पत्नी को प्रेमी के साथ कर दिया विदा

**देवरिया, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के तरकुलवा क्षेत्र के एक गांव में पति ने पत्नी के प्रेमी के साथ उसे विदा कर दिया। जहर खाकर जान देने की पत्नी की धमकी के बाद पति ने हार मान ली और थाने में रविवार की रात चली पंचायत के बाद वह दोनों बच्चों को लेकर घर लौट आया। यह घटना क्षेत्र में हर चर्चा का विषय बनी हुई है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक की शादी करीब 5 वर्ष पूर्व सलेमपुर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती से पथरदेवा के अमवा गांव में हुए सामूहिक विवाह समारोह में हुई थी। दोनों राजी-खुशी रहते थे। इस बीच दोनों को एक बेटा व एक बेटी हुई। बेटे की उम्र करीब चार साल व बेटी ढाई बरस की है। इसी बीच पति घर की माली हालत सुधारने के लिए बाहर कमाने चला गया और यहां पत्नी की पास में रहने वाले एक अविवाहित युवक से आंखें चार हो गईं। कुछ दिन बाद कमा कर लौटे पति को जब इसकी जानकारी हुई तो शनिवार की रात उसने ग्राम प्रधान के दरवाजे पर पंचायत जुटाई। इसमें प्रेमी को भी बुलाया गया।

Uttarpradesh

## पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

### गाड़ी के उड़े परखच्चे

**हरदोई, (एजेंसी) हरदोई के सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिल्हौर-कटरा मार्ग पर खमरिया मोड़ के पास सोमवार रात करीब 10 बजे अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में चार साल के बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतक पचदेवरा थानाक्षेत्र के बराकांठ गांव के हैं और एक ही परिवार के बताए जा गए हैं। हादसे की जानकारी होते ही एसपी, एएसपी और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार में मिले मोबाइल की मदद से परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है।**

बराकांठ गांव निवासी होशियार सिंह (55) का छोटा बेटा गोविंद सांडी थानाक्षेत्र के नयागांव स्थित ससुराल में रहता है। उसकी पत्नी को छह दिन पहले बेटी हुई थी। उसके छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार को होशियार सिंह अपने बड़े बेटे मुकेश (30), पौत्र बल्लू (4) पुत्र मुकेश, परिवार के राजाराम और भतीजे मनोज के साथ कार से नयागांव जा रहे थे। रात करीब 10 बजे खमरिया मोड़ के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। भिड़ंत इतनी तेज थी कार के परखच्चे उड़ गए और सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

खेल

## तीसरी जीत के साथ अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा अफगानिस्तान, श्रीलंका को सात विकेट से हराया

**पुणे, (एजेंसी)** वनडे विश्व कप 2023 के 30वें मैच में अफगानिस्तान ने श्रीलंका को हरा दिया। पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 241 रन बनाए और जवाब में अफगानिस्तान ने 45.2 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस विश्व कप में यह अफगानिस्तान की छह मुकाबलों में तीसरी जीत है। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड और पाकिस्तान के बाद श्रीलंका को भी हरा दिया है और सेमीफाइनल खेलने की दावेदारी पेश कर रहा है। वहीं, हार के साथ श्रीलंका के लिए आगे का रास्ता मुश्किल हो गया है। अफगानिस्तान की टीम अंक तालिका में छह अंक के साथ पांचवें नंबर पर आ गई है।



इस मैच में श्रीलंका के लिए किसी भी बल्लेबाज ने बड़ी पारी नहीं खेली, लेकिन सभी के छुटपुट योगदान के चलते टीम 200 रन के पार पहुंच गई। सबसे ज्यादा 46 रन पथुम निसांका ने बनाए। कुसल मेंडिस ने 39 और सदीरा समरविक्रमा ने 36 रन का योगदान दिया। अंत में तीक्ष्णा ने 29 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए फजलहक फारुकी ने चार विकेट लिए। मुजीब उर रहमान को दो विकेट मिले। अजमतुल्लाह और राशिद खान को एक-एक विकेट मिला।

242 रन का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने पहले ही ओवर में गुरबाज का विकेट गंवा दिया था। इसके बाद इब्राहिम जादरान (39) ने रहमत शाह (62) के साथ मिलकर मैच में अपनी टीम की वापसी कराई। इन दोनों के आउट होने के बाद अजमतुल्लाह ओमरजई (नाबाद 73) और कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी (नाबाद 58 रन) ने चौथे विकेट के लिए नाबाद शतकीय साझेदारी कर अपनी टीम को सात विकेट से जीत दिला दी।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारुकी (4/34) की शानदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने श्रीलंका को यहां विश्वकप मुकाबले में 241 रन पर ढेर कर दिया। अफगानिस्तान के स्पिनरों मुजीब उर रहमान (2/38) और अपना 100वें वनडे खेल रहे राशिद खान (1/50) ने भी विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले श्रीलंका को बल्लेबाजी पर उतारा। हालांकि पिच से गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं थी लेकिन फिर भी अफगानिस्तानी गेंदबाजों ने सही दिशा और लंबाई से फेंकी गई गेंदों पर कम रन खर्च किए।

सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (46) ने पूरे विश्वास के साथ बल्लेबाजी की। उन्होंने एक-दो रन लेकर स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा और बीच-बीच में गेंद को सीमारेखा के पार भी पहुंचाया। करुणारत्ने को फारुकी ने पगबाधा आउट किया। हालांकि पहले अंपायर इस निर्णय से आश्वस्त नहीं थे लेकिन डीआरएस के बाद श्रीलंका को 22 रन पर पहला विकेट गंवाना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 77 रन बनाने वाले निसांका की इस पारी में आक्रामकता नहीं थी।

सिनेमा

## उर्फी जावेद के 'छोटा पंडित' बनने पर भड़के शख्स ने दी जान से मारने की धमकी



उर्फी जावेद को फिर से किसी ने जान से मारने की धमकी दी है। आरोपी के खिलाफ मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज हो चुकी है। दरअसल उर्फी ने हैलोवीन पार्टी के लिए एक वीडियो शेयर किया था। उनके लुक पर भड़के एक शख्स ने इसे डिलीट करने के लिए उर्फी को मेल किया। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। उर्फी अपने सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट शेयर करके हैरानी जताई। अब मामला पुलिस तक पहुंच चुका है।

उर्फी जावेद के लिए ट्रोलिंग या धमिकायं मिलना नई बात नहीं है। इस बार उनके एक लुक पर भड़के शख्स ने जान से मारने की धमकी दे दी। उर्फी ने जो स्क्रीनशॉट शेयर किया उस पर निखिल गोस्वामी नाम दिख रहा है। लिखा है, जो तुमने वीडियो अपलोड किया है उसे डिलीट कर नहीं तो जान से मारने में टाइम नहीं लगेगा। स्क्रीनशॉट के साथ उर्फी ने लिखा था, मैं इस देश के लोगों पर हैरान हूं। मुझे एक फिल्म का कैरेक्टर रिक्रिएट करने पर जान से मारने की धमकी मिल रही है जबकि उस किरदार को कुछ नहीं कहा गया था। रिपोर्ट्स हैं कि शख्स के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज हो चुकी है।

उर्फी का रीसेंट वीडियो भूल-भुलैया फिल्म के कैरेक्टर छोटा पंडित का था।

# संपादकीय


## भरपाई प्रियंका गांधी के जरिये की जा रही

राजस्थान और मध्य प्रदेश, दोनों जगह कांग्रेस के पास कोई बड़ी महिला नेता नहीं है। पर जब चुनाव ही महिला वोटरों के आसपास लड़ा जा रहा हो, तो जरूरी हो जाता है कि महिला नेता ही बहनों को गारंटी दे। शौचालय, जन-धन खाते, उज्ज्वला योजना आदि के जरिये प्रधानमंत्री मोदी ने महिला वोटरों के बीच अपनी पैठ बनाई है। मध्य प्रदेश में तो शिवराज सिंह चौहान मामा के रूप में सामने आ गए हैं, लेकिन कांग्रेस का ऐसा कोई जुड़ाव राजस्थान और मध्य प्रदेश में नहीं हो पाया है। इसकी भरपाई भी प्रियंका गांधी के जरिये की जा रही है। विधानसभा चुनावों में महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस क्या सोची-समझी रणनीति के तहत प्रियंका गांधी को आगे कर रही है? महिलाओं- बच्चों से जुड़ी घोषणाओं को प्रियंका गांधी के जरिये गारंटी के रूप में सामने लाया जा रहा है, ताकि महिलाओं को पूरी तरह भरोसे में लिया जा सके। राजस्थान में झुंझुनूं की रैली में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रियंका गांधी को गारंटी कार्ड के रूप में सामने रखा। घर की मुखिया महिला को दस हजार रुपये हर साल दिए जाएंगे और एक करोड़ परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। इससे सरकार पर साढ़े दस हजार करोड़ का अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर है और जानकारों के मुताबिक, सत्ता की चाभी महिला व युवा वर्ग के पास है। राज्य में 2.73 करोड़ पुरुष वोटरों के मुकाबले 2.53 करोड़ महिला वोटर हैं, पर वोट डालने में महिलाएं बाजी मार ले जाती हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में राज्य में 74.72 फीसदी वोट पड़े थे। उनमें पुरुष वोटों का प्रतिशत 73.49 था, जबकि 74.67 फीसदी महिलाओं ने वोट दिया था। तब कांग्रेस और भाजपा के बीच 0.54 प्रतिशत का ही अंतर था, यानी कांग्रेस को भाजपा से सिर्फ 1.79 लाख वोट ज्यादा मिले थे। इस आंकड़े के मद्देनजर महिला वोटरों की अहमियत समझ में आती है। पिछले तीस साल में महिलाओं की वोट देने में भागेदारी तेजी से बढ़ी है। वर्ष 1993 में करीब 60 फीसदी मतदान हुआ था और तब 68 प्रतिशत पुरुषों, जबकि केवल 52 फीसदी महिलाओं ने वोट दिया था। पर अब कहानी बदल गई है। यही वजह है कि दोनों दलों को महिला वोटर याद आ रहे हैं और महिला नेता भी। प्रियंका गांधी ने इससे पहले मध्य प्रदेश में हर महिला को 1,500 रुपये मासिक देने की गारंटी दी थी। आठवीं तक के बच्चों को पांच सौ रुपये, नवीं-दसवीं के बच्चों को एक हजार और ग्यारहवीं-बारहवीं के बच्चों को 1,500 रुपये महीना देने की 'पढ़ो-पढ़ाओ योजना' की गारंटी भी उन्होंने दी थी। इससे पहले हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में भी प्रियंका गांधी से ही गारंटियां दिलाई गई थीं।

### अर्ज किया है..!

*किसी एक के लिए रहना*
*और उसी का रह जाना,*
*सबके बस की बात नहीं..!*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**भक्ति एक तकनीक हैं... भजन के भव्य महल में प्रवेश करने के लिए एक विधि हैं...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## Health is Wealth

# दिवाली पर बढ़ जाता है प्रदूषण

## अस्थमा रोगी ऐसे रखें अपनी सेहत का ख्याल

देश में त्योहारों की शुरुआत हो चुकी है। जल्दी ही दीपावली का त्योहार भी दस्तक देने वाला है। लेकिन दिवाली की खुशियों के बीच पटाखों से निकलने वाला धुंआ अस्थमा रोगियों की मुश्किल बढ़ा सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो पटाखों में कई तरह के हानिकारक रसायन मौजूद होते हैं, जो जलने के बाद वातावरण को प्रदूषित कर देते हैं। प्रदूषित वातावरण में सासं लेने से अस्थमा रोगियों के लिए परेशानी पैदा होने लगती है। ऐसे में आइए जानते हैं दिवाली की खुशियों को बरकरार रखते हुए अस्थमा रोगी कैसे अपनी सेहत का ख्याल रख सकते हैं।



## दिवाली पर अस्थमा रोगी ऐसे रखें अपनी सेहत का ख्याल

### इनहेलर रखें साथ

दीपावली के दिन पटाखे जलाने से हवा में प्रदूषण बढ़ जाता है। ऐसे में अस्थमा रोगियों को अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। अस्थमा अटैक से बचे रहने के लिए बेहतर होगा कि आप दिवाली के आसपास अपना इनहेलर और दवा हमेशा अपने साथ रखें।

### व्यायाम करें

अस्थमा रोगियों के लिए ब्रीदिंग एक्सरसाइज अच्छी मानी जाती है। अस्थमा अटैक के खतरे को कम करने के लिए आप रोजाना फेफड़ों को मजबूती देने वाली ब्रीदिंग एक्सरसाइज और योग का सहारा ले सकते हैं। ये अस्थमा की जटिलताओं को कम करके फेफड़ों को मजबूती देने में मदद कर सकते हैं।

### मास्क का करें इस्तेमाल

दीपावली के आसपास घर से बाहर निकलते समय आपको चेहरे पर मास्क जरूर लगाना चाहिए। ऐसा करने से आप वातावरण



में मौजूद धूल-मिट्टी के साथ पटाखों से निकलने वाले धुएं से भी सुरक्षित बने रहेंगे।

### बिना काम घर से बाहर न निकलें

दीपावली के दिन अस्थमा रोगी खुद को प्रदूषण से सुरक्षित रखने के लिए घर के खिड़की-दरवाजों को बंद रख सकते हैं। बाहर जाते समय भी कोशिश करें कि चेहरे पर मास्क जरूर लगाएं।

### अच्छा खाएं

दिवाली रोशनी और पटाखों के साथ-साथ मिठाइयों का भी त्योहार है। लेकिन अस्थमा रोगियों को आर्टिफिशियल स्वीटनर और मिठाइयों का सेवन करने से बचना चाहिए। इसके अलावा अपनी सेहत को अच्छा बनाए रखने के लिए स्वस्थ आहार लेना चाहिए।

### हाइड्रेटेड रहना

अस्थमा रोगी गुनगुना पानी पीकर कई तरह के जलन पैदा करने वाले पदार्थों सहित विषाक्त पदार्थों को भी शरीर से तुरंत बाहर निकाल सकते हैं। इसके अलावा पर्याप्त पानी पीने से शरीर में पानी की कमी भी नहीं होती और वो हाइड्रेटेड बना रहता है।

### कोशिश करें कि पटाखें न जलाएं

पटाखों के जलने से कार्बन डाईऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और सल्फर ऑक्साइड जैसी गैसें निकलती हैं जो दमा के मरीजों के लिए खतरनाक हैं।

### डेयरी प्रोडक्ट न खाएं

अस्थमा रोगी दूध और डेयरी प्रोडक्ट खाने से बचें। ये डेयरी प्रोडक्ट फेफड़ों में म्युकस के निर्माण को बढ़ाकर अस्थमा रोगियों की परेशानी को और बढ़ सकते हैं।

## Highlights

- **India's 'biggest data breach' exposes 81.5 crore people's info: Report**
- **Morphed video shows Kartik Aaryan campaigning for Congress in MP, actor reacts**
- **Indefinite suspension of AAP's Raghav concerning, 75 days gone: SC**
- **Cauvery panel asks K'taka to release 2,600 cusecs of water to TN**
- **Could only hear screams: Eyewitnesses of Andhra train accident**

# Apple's new M3 chips reset performance benchmarks, with an eye on gaming

**NEW DEIHI, (Agency).** Uncharacteristic timing for an Apple keynote. A Halloween theme for good measure. On the agenda – Apple's Mac computing ecosystem. The direction, distinctly about setting a benchmark again. This is perhaps why a few years ago, Apple closed the chapter on Intel's chips for their Mac computing device line-up. There was a subtle reference too, thrown in for good measure. Here and now, Apple has unveiled three new chips, the M3 family, which will be powering the new 14-inch MacBook Pro, 16-inch MacBook Pro and new 24-inch iMac line.

There are three chips which make the M3 family, at least for now, though it may not be fallacious to expect an 'Ultra' later. The M3, M3 Pro and M3 Max include significant improvements in terms of raw performance, graphics capabilities and on the MacBook series, focus on reducing power




consumption for longer battery life – so much so that the claim is the new MacBook Pro 16 can go as long as 22 hours on a single charge, in certain use-cases.

As the entry spec, the M3 chip deploys an 8-core CPU with 4 performance cores and 4 efficiency cores. Apple claims it is up to 35% faster than the M1 chip and up to 20% faster than the M2 from last year. Significant steps forward, without doubt, from chips that were already performance benchmark definers when compared with Intel and AMD's chips for the Windows computing device ecosystem. There's also a 10-core GPU with a new architecture.

"With 3-nanometer technology, a next-generation GPU architecture, a higher-performance CPU, faster Neural Engine, and support for even more unified memory, M3, M3 Pro, and M3 Max are the most advanced chips ever built for a personal computer," says Johny Srouji, Apple's senior vice president of Hardware Technologies, in a statement. Dynamic caching, an industry first, will allow software to determine memory allocation for each app or game in real-time, instead of working predefined minimum or maximum allocation. Apple insists this will be transparent to developers (they don't necessarily have to make any changes either) and should significantly speed up performance of apps and games.

# Mamaearth's parent Honasa Consumer's IPO to open for subscription today

**NEW DEIHI, (Agency).** Honasa Consumer Ltd. the company which owns Mamaearth, will open its initial public offering (IPO) on Tuesday. The IPO will be open for subscription till November 2.

The company's IPO comprises fresh issue of equity shares worth ₹365 crore and an Offer for Sale (OFS) component of 4.12 crore equity shares by promoters, investors, and other selling shareholders.




Those offering shares in the OFS include promoters -- Varun Alagh and Ghazal Alagh -- and investors like Fireside Ventures Fund, Sofina, Stellaris, Kunal Bahl, Rohit Kumar Bansal, Rishabh Harsh Mariwala and Bollywood actor Shilpa Shetty Kundra.

The beauty and personal care company was founded in 2016 by Ghazal Alagh and her husband Varun Alagh. The company launched the brand Mamaearth and added five more brands including The Derma Co, Aqualogica, Ayuga, BBlunt, and Dr Sheth's. The Gurugram-based company built a 'House of Brands' architecture. Ghazal Alagh also appeared as a judge on reality TV show 'Shark Tank India'.

# नवआरक्षकों की पासिंग ऑउट परेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में 20 फरवरी से शुरू हुए 76वें नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र का सोमवार को दीक्षांत परेड समारोह सम्पन्न हुआ। परेड में 1119 महिला एवं 128 पुरुष कुल 1247 नवआरक्षकों के द्वारा मुख्य अतिथि डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना को परेड की सलामी दी गई।

दीक्षांत परेड की कमाण्ड महिला नवआरक्षक वैशाली परते एवं टूआईसी ज्योति गर्ग द्वारा की गई। नवआरक्षकों को शपथ एसपी यांगचेन डोलकर भुटिया द्वारा दिलाई गई।प्रशिक्षण सत्र के दौरान सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु दीक्षा तिवारी को प्रथम एवं वंदना रजक को द्वितीय तथा बाह्य एवं आतरिक प्रशिक्षण में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु दीक्षा तिवारी को प्रथम, उर्मिला ताराम को द्वितीय, आस्था अवस्थी को प्रथम, वंदना रजक तथा दीक्षा तिवारी को द्वितीय पुनस्कार से मुख्य अतिथि द्वारा नगद राशि, प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। सत्र में आंतरिक एवं बाह्य के सर्वोत्तम प्रशिक्षक का पुरस्कार एसआई महेन्द्र पाण्डेय एवं एएसआई चंदन धूमकेती को मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया।



मुख्य अतिथि डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना द्वारा शपथ लेने वाले सभी नवआरक्षकों को पुलिस सेवा को सबसे कठिन एवं उत्कृष्ट मानव सेवा वाला विभाग बताकर अपना कर्तव्य ईमानदारी से पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि आपको अपने व्यक्तिगत जीवन को समाज में आदर्श के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए जिसका अनुसरण अन्य व्यक्ति भी कर सकें। सत्र के प्रशिक्षणार्थियों में व्यवसायिक दक्षता के लिए विधिक प्रावधानों के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व, संवाद कला, व्यवहार, संवेदनशीलता, आचरण संबंधी विकाश, डायल 100, सायबर क्राइम, सीसीटीएनएस, बाल अधिकार संरक्षण के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशिक्षण में पुलिस की कार्य प्रणाली में आधुनिक तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ कार्य के दौरान तनाव प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। ह्याजेंडर सेंसिटाइजेशन एवं चाइल्ड प्रोटेक्शनह्य के क्षेत्र में प्रशिक्षणार्थियों में संवेदनशीलता विकसित करने के लिए महिला बाल विकास एवं यूनिसेफ से विशेषज्ञों को आमंत्रित कर प्रशिक्षित कराया गया।

सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए इन्दौर एयरपोर्ट, केन्द्रीय एवं जिला जेल, एमवाय अस्पताल, किशोर न्यायालय, सुधार गृह, संप्रेक्षण गृह, कंट्रोल रूम, पुलिस आयुक्त कार्यालय का भ्रमण कराया गया। यातायात प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, डायल 100, बम डिस्पोजल के विशेषज्ञों को आमंत्रित कर प्रशिक्षण दिलाया गया। पुलिस थाने के व्यहारिक कार्य का प्रशिक्षण आदर्श थाना में अनुभवी थाना प्रभारियों से दिलाया गया एवं इन्दौर शहर के प्रमुख थानों का भ्रमण भी कराया गया।

दीक्षांत परेड समारोह के अवसर पर एडीजीपी (प्रशिक्षण) अनुराधा शंकर, एडीजीपी (आरएपीटीसी) वरुण कपूर, पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी., पुलिस आईजीपी (ग्रामीण जोन इन्दौर) राकेश गुप्ता, डीआईजी (बीएसएफ) बीएस रावत, मनीष कपूरिया तथा एडिशनल पुलिस कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। आभार एएसपी (पीटीसी) ने माना।

## परिवहन विभाग द्वारा अभी तक 737 वाहनों में पौने 9 लाख रुपए से अधिक की कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये मोटरयानों पर विभिन्न अपराधों में कार्यवाही की गई है। परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की चेकिंग कार्यवाही सतत जारी है। इसी सिलसिले में 4 सितम्बर 2023 से 29 अक्टूबर 2023 तक परिवहन विभाग द्वारा 737 वाहनों पर 8 लाख 79 हजार 100 रुपए की कार्यवाही की गई।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा श्री प्रदीप शर्मा बताया गया कि अभी तक 100 यात्री वाहनों पर 86 हजार रुपए की ओव्हरलोडिंग पर चालानी की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार 13 बिना परमिट संचालित यात्री वाहनों पर एक लाख 63 हजार 100 रुपए, 85 अनाधिकृत रूप से हूटर/सायरन धारण वाहनों पर एक लाख 11 हजार रुपए, 222 अनाधिकृत रूप से पदनाम/संख्या का नाम की पट्टिका का उपयोग करने वाले वाहनों पर एक लाख 11 हजार रुपए, 24 मूल बॉडी में परिवर्तन वाहनों पर एक लाख 11 हजार रुपए, 154 निर्धारित स्वरूप में मोटयान पर रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगाने वाले वाहनों पर 77 हजार रुपए तथा अन्य कार्यवाही में 139 वाहनों पर दो लाख 20 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही की गई।

## मासूम बच्ची से की गलत हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हीरानगर इलाके में एक अधेड़ ने एक मासूम बच्ची से हरकत की है। वह पुताई करने के लिए गया था। इस दौरान बच्ची से हरकत कर बैठा ,उसकी जमकर कुटाई भी हुई है । मिली जानकारी के अनुसार आरोपी का नाम संतोष मराठा उम्र 54 साल निवासी नंदा नगर है। कल सुखलिया इलाके में वह पुताई करने के लिए गया था। वहीं पर 6 साल की बच्ची के साथ हरकत कर बैठा । बच्ची ने शोर मचाया तो उसके परिवार के लोग मौके पर पहुंचे । उन्होंने संतोष को जमकर पीटा और पुलिस के हवाले किया । आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट और छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

## करोड़ों की ठगी में एडवाइजरी फर्म संचालक गिरफ्तार

### आत्महत्या का सुन लौट आती थी पुलिस, सैकड़ों लोगों को ठगना कबूला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने फर्जी एडवाइजरी फर्म संचालक अश्विन परमार को गिरफ्तार किया है। आरोपित की महाराष्ट्र, राजस्थान और पंजाब की पुलिस भी तलाश में थी। स्वजन आत्महत्या की रिपोर्ट बताकर पुलिस को खाली हाथ लौटा देते थे। डीसीपी ने साइबर सेल को सक्रिय किया तो आरोपित महसाणा में घूमता मिला। आरोपित सैकड़ों निवेशकों से करीब 20 करोड़ रुपये ठग चुका है। पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर के मुताबिक, कुआं फलिया शामक सीहेना मुवाड़ा बाही तहसील सेहरा जिला पंचमहल (गुजरात) निवासी अश्विन गणपतसिंह परमार सूर कैपिटल और वेद कैपिटल के नाम से एडवाइजरी फर्म संचालित करता था। आरोपित शेयर बाजार में निवेश करवाने और निवेश की गई राशि का चार गुना लौटाने का झांसा देता था। आरोपित ने विभिन्न राज्यों के निवेशकों से रुपये जमा करवाए और रातोंरात फरार हो गया। पुलिस ने करीब 15 पीड़ितों की शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर आरोपित को ढूंढा तो स्वजन ने कहा कि उसने तो आत्महत्या कर ली है। कर्ज होने के कारण वह नहर में कूद गया था। स्वजन ने नहर किनारे मिले कपड़े और थाने की रिपोर्ट भी पुलिस को बताई।

### तीन राज्यों की पुलिस को तलाश

डीएसपी (अपराध) निमिष अग्रवाल के मुताबिक, पुलिस ने उसके बैंक खातों की जानकारी निकाली तो पता चला कि अश्विन जिंदा है। उसने निवेशकों को भोपाल से कारोबार करना बताया था, जबकि उसकी दोनों कंपनियां गुजरात से संचालित हो रही थी। राजस्थान, महाराष्ट्र और पंजाब की पुलिस भी उसे ढूंढ रही थी। पुलिस ने तकनीकी जानकारी जुटाई और रविवार को आरोपित को महसाणा से गिरफ्तार कर लिया। खातों में करोड़ों रुपये का ट्रांजेक्शन भी मिला है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।